भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1764
01 अगस्त, 2024 को उत्तर देने के लिए

खाने की अच्छी आदतें

1764. श्री करण भूषण सिंह:

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

युवाओं में, विशेषकर स्कूली छात्रों के बीच खाने की अच्छी आदतों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रवनीत सिंह)

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की स्थापना खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 (अर्थात एफएसएस अधिनियम 2006) में निहित प्रावधानों के अनुसार स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत की गई थी और इसे खाद्य पदार्थों के लिए विज्ञान आधारित मानकों को निर्धारित करने और मानव उपभोग के लिए सुरक्षित और पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उनके विनिर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री और आयात को विनियमित करने के लिए अधिदेश दिया गया है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, एफएसएसएआई ने युवाओं, विशेषकर स्कूली छात्रों में स्वस्थ भोजन की आदतों को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए हैं:

(क) खाद्य सुरक्षा और मानक (स्कूल में बच्चों के लिए सुरक्षित भोजन और संतुलित आहार) विनियम, 2020 को लागू किया गया है, जो स्कूल परिसर में सुरक्षित भोजन और संतुलित आहार सुनिश्चित करने, स्कूल परिसर में और उसके आसपास सुरक्षित भोजन और संतुलित आहार को बढ़ावा देने, खाद्य विपणन और विज्ञापन को मॉनिटरिंग और निगरानी के साथ स्कूल परिसर में बच्चों को बेचने के लिए स्कूल प्राधिकरण की जिम्मेदारियों को निर्दिष्ट करता है। इस विनियम में "बच्चों को सुरक्षित भोजन और संतुलित आहार प्रदान करने के लिए सामान्य मार्गदर्शन" और "खाद्य पदार्थों के चयन के लिए सामान्य मार्गदर्शन" भी शामिल हैं।

(ख) एफएसएसएआई ने ईट राइट इंडिया पहल के तहत ईट राइट स्कूल कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य स्कूली बच्चों में और उनके माध्यम से बड़े पैमाने पर समुदाय के बीच खाद्य सुरक्षा, पोषण और स्वच्छता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। अब तक 531 ईट राइट कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें स्कूली बच्चों को अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

(ग) एफएसएसएआई द्वारा शुरू किए गए ईट राइट स्कूल प्रोग्राम का उद्देश्य ईट राइट मैट्रिक्स के माध्यम से स्कूलों को ईट राइट स्कूलों के रूप में प्रमाणित करना है। यह मैट्रिक्स एक निगरानी और मूल्यांकन उपकरण के रूप में कार्य करता है जिसे कम उम्र से बच्चों के लिए एक सुरक्षित और पौष्टिक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस मैट्रिक्स को लागू करके, कार्यक्रम यह सुनिश्चित करता है कि स्कूल स्वस्थ खाने की आदतों और खाद्य सुरक्षा पद्धतियों को बढ़ावा देने वाले मानकों का पालन करें, छात्रों के समग्र कल्याण में योगदान दें।

(घ) एफएसएसएआई ने डोमेन विशेषज्ञों द्वारा तैयार की गई सामग्री (अर्थात ईट राइट रिसोर्स मेटेरियल) का एक समृद्ध भंडार भी सृजित किया है जिसे छात्रों के साथ-साथ शिक्षक प्रशिक्षण के लिए स्कूल पाठ्यक्रम के लिए समाहित और अपनाया जाता है।

*****